Knowledge grows



आचार संहिता

Yara के व्यावसायिक भागीदारों के लिए

आपूर्तिकर्ताओं, वितरकों, एजेंट, पुनर्विक्रेताओं और संयुक्त उपक्रम में हिस्सा लेने वाले भागीदारों सहित Yara के हर व्यावसायिक भागीदार को विश्वव्यापी टीम के एक महत्वपूर्ण सदस्य के रूप में देखा जाता है, जो Yara की सफलता में योगदान करता है. हमारा लक्ष्य ऐसे व्यावसायिक भागीदारों के साथ संबंध स्थापित करना है, जो महत्वाकांक्षा, जिज्ञासा, सहयोग और उत्तरदेयता के हमारे जैसे ही कॉर्पोरेट मूल्यों का पालन करते हैं और नैतिकतापूर्ण ढंग से व्यवसाय संचालित करते हैं.

Yara अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार, व्यावसायिक नैतिकता तथा श्रमिक परिस्थितियों जैसे प्रमुख क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय रूप से मान्यता प्राप्त तथा अनुमोदित मानकों पर विचार करता है. हम अपने व्यावसायिक भागीदारों से भी यही अपेक्षा करते हैं और केवल ऐसे भागीदारों के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो इस आवश्यकता को पूरा करते हैं. यदि Yara के व्यावसायिक भागीदार आचार संहिता का पालन करने में असमर्थ रहते हैं, तो उनके साथ व्यावसायिक संबंध समाप्त किए जा सकते हैं.

1. लोगों, मानव अधिकारों तथा उचित कार्य परिस्थितियों का सम्मान

- **सुरक्षित और स्वस्थ काम का माहौल**
  Yara अपने व्यावसायिक भागीदारों से यह अपेक्षा रखता है कि वे अपने कर्मचारियों को एक ऐसा सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल प्रदान करें, जो अंतर्राष्ट्रीय मानकों और राष्ट्रीय कानूनों के अनुपालन में हो.

- **भेदभाव**
  Yara भेदभाव से संबंधित समस्या को बेहद गंभीरता से लेता है. हम चाहते हैं कि हमारे संयुक्त उपक्रम के संचालन में शामिल सभी कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक और गरिमामय व्यवहार किया जाए और उन्हें उनकी ख़ूबियों के आधार पर समान अवसर प्रदान किए जाएँ, यानी उनकी नस्ल, रंग, धर्म, लिंग, आयु, मूल राष्ट्रीयता, यौन रुझान, वैवाहिक स्थिति या शारीरिक अक्षमता पर ध्यान दिए बिना. Yara के सभी व्यावसायिक भागीदारों को एक निष्पक्ष काम का माहौल तैयार करने तथा नियुक्ति व रोज़गार की प्रक्रियाओं में स्थानीय रूप से लागू सभी कानूनों का पालन करने पर प्रतिबद्धता जतानी होगी.

- **बाल या जबरन श्रम**
  Yara अनैच्छिक श्रम, बंधुआ श्रम या जबरन श्रम का कभी भी इस्तेमाल नहीं करेगा या न ही किसी को अपनी ओर से ऐसा करने की अनुमति देगा. व्यावसायिक भागीदारों द्वारा बाल श्रमिकों का किया जाने वाला कोई भी उपयोग अंतर्राष्ट्रीय मान्यता-प्राप्त मानकों के अनुपालन, जैसे कि UNICEF, ILO के मार्गनिर्देशों तथा स्थानीय कानूनों के अनुपालन में होना चाहिए.

- **संघ की स्वतंत्रता**
  Yara अपने व्यावसायिक भागीदारों से अपेक्षा करता है कि वे कर्मचारियों की किसी भी श्रमिक संघ या इसी तरह के बाहरी प्रतिनिधि संगठनों में शामिल होने की संघ की स्वतंत्रता का सम्मान करें. उनके कर्मचारियों को लागू कानूनों और विनियमों के अनुसार सामूहिक सौदेबाज़ी के अधिकार के साथ-साथ किसी श्रमिक संघ अथवा अन्य प्रतिनिधि निकाय में शामिल न होने का विकल्प चुनने का अधिकार भी होना चाहिए.

2. पर्यावरण की सुरक्षा

Yara हमारी गतिविधियों के फलस्वरूप पर्यावरण पर होने वाले किसी भी प्रभाव को कम करने की दिशा में लगातार प्रयास करता है

- व्यावसायिक भागीदारों को एक पर्यावरण नीति विकसित और कार्यान्वित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है.

- व्यावसायिक भागीदारों से अपेक्षा की जाती है कि वे पर्यावरण की सुरक्षा से संबंधित सभी लागू कानूनों और विनियमों के अनुसार अपना व्यवसाय संचालित करें.

- Yara व्यावसायिक भागीदारों को पर्यावरण-हितैषी तकनीकें, उत्पाद और सेवाएँ विकसित और उनका इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करता है.

3. नैतिकता और व्यावसायिक सत्यनिष्ठा

- **रिश्वत और भ्रष्टाचार**
  Yara अपने व्यावसायिक भागीदारों से अपेक्षा करता है कि वे व्यावसायिक नैतिकताओं के उच्चतम मानक बरकरार रखें, स्थानीय कानूनों का सम्मान करें और किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार, रिश्वत, धोखाधड़ी, सुविधा युक्त भुगतान या जबरन वसूली में लिप्त न हों. Yara में सुविधा युक्त भुगतान को भ्रष्टाचार का ही एक रूप माना जाता है और हमने ऐसे भुगतानों के संबंध में शून्य सहिष्णुता नीति अपनाई हुई है.

- **काले धन को वैध बनाना**
  Yara कानून के दायरे में रहकर सत्यनिष्ठा के उच्चतम स्तर का पालन करते हुए व्यवसाय करता है. हम अपने व्यावसायिक भागीदारों को Yara की ओर से किसी भी स्थान में किसी भी प्रकार के काले धन को वैध बनाने की घटना को अनदेखा या उसका समर्थन करने की अनुमति नहीं देंगे.

- **व्यावसायिक उपहार और मनोरंजन**
  Yara का मुख्य नियम है कि हम न तो उपहार देना पसंद करते हैं और न लेना. आमतौर पर Yara के कर्मचारी अपने प्रबंधक की लिखित अनुमति के बिना 75 USD लगभग 4,800 रुपये (विनिमय दर निर्भर) से अधिक मूल्य के उपहार न तो दे सकते हैं और न ले सकते हैं.

- **निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा**
  Yara में प्रतिस्पर्धा-विरोधी अनुबंधों या आचरण पर सख़्त पाबंदी है, जिसमें मूल्य निश्चित करना, माल या सेवाओं की आपूर्ति में रुकावट पैदा करना, बोली में हेरफेर करना और बाज़ार आवंटन जैसे कृत्य शामिल हैं. हम चाहते हैं कि हमारे व्यावसायिक भागीदार निःशुल्क और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के पक्षधर बनें और प्रतिस्पर्धा से जुड़े कानूनों और विनियमों का पालन करें.

- **गोपनीय जानकारी**
  Yara गोपनीय और व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है. व्यावसायिक भागीदारों से अपेक्षा की जाती है कि वे Yara की मालिकाना, गोपनीय और व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा, उपयोग और प्रकटीकरण को प्रशासित करने वाले सभी लागू कानूनों और विनियमों का पालन करें.

- **हित के टकराव**
  Yara अपने कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों से अपेक्षा करता है कि वे ऐसी परिस्थितियों की तत्काल पहचान करके उनका निराकरण करें, जो वास्तव में हितों के टकराव या उसकी अनुभूति को जन्म दे सकती हैं.

4. उत्पाद का दुरुपयोग

हमारी मजबूत प्रतिबद्धता और लागू कानूनी और नियामक दायित्वों के पालन के अनुरूप, Yara गैरकानूनी प्रयोजनों के लिए हमारे उत्पादों के दुरुपयोग को बर्दाश्त नहीं करेगा. इसमें अवैध ड्रग्स और अवैध विस्फोटक पदार्थों के उत्पादन में उपयोग होने वाले तैयार उत्पादों, अन्य उत्पाद और कच्चे माल का दुरुपयोग शामिल है, लेकिन यह इन तक ही सीमित नहीं है. कानूनी और विनियामक फ़्रेमवर्क को मजबूत करने के हमारे संकल्प के रूप में, Yara लगातार अपने व्यापारिक साझेदारों के समक्ष उनके दायित्वों के बारे में जागरूकता बढ़ाता है ताकि उनकी आपूर्ति श्रृंखलाओं में पर्याप्त निगरानी प्रणालियों को कार्यान्वित किया जा सके जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि दुरुपयोग रोका जा रहा है, या उनका तुरंत पता लगाया जा सकता है.

Yara के कर्मचारियों, सलाहकारों या ठेकेदारों अथवा हमारे किसी भी व्यावसायिक भागीदार के आचरण के संबंध में किसी भी उल्लंघन अथवा चिंता की रिपोर्ट Yara के नैतिकता और अनुपालन विभाग को **ethics@yara.com** पर तुरंत की जानी चाहिए